मुख्यमंत्री सचिवालय

<u>प्रेस विज्ञप्ति</u>

<u>राँची,दिनांक–</u> **20.03.2020**

प्रेस विज्ञप्ति- 298/2020
झारखंड मंत्रालय, रांची
=========================
★मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से प्रधानमंत्री से जुड़े

★प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए सभी राज्यों के मुख्यमंत्री से कोरोना वायरस (COVID-19) को लेकर उठाए जा रहे एहतियाती तैयारियों, चिकित्सा सुविधाओं के संबंध में जानकारी ली।
=======================
★कोरोना वायरस के मद्देनजर सरकार सजग
-- हेमन्त सोरेन, मुख्यमंत्री
=========================
प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार शाम वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सभी राज्यों के मुख्यमंत्री से कोरोना वायरस (COVID-19) को लेकर उठाए जा रहे एहतियाती तैयारियों, चिकित्सा सुविधाओं इत्यादि के संबंध में विचार-विमर्श किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन झारखंड मंत्रालय स्थित मुख्य सचिव कार्यालय के सभाकक्ष से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिये प्रधानमंत्री जुड़े थे।

सख्ती से सुरक्षा मापदंडों को लागू करने का निदेश

मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के बाद कहा कि राज्य सरकार इस महामारी से निपटने के लिए निरंतर प्रयासरत है। सरकार द्वारा इससे बचाव से संबंधित सभी आवश्यक सुरक्षा मापदंडों का अनुपालन सुनिश्चित किए जाने का निर्देश सभी विभागों को जारी किया गया है। सभी विभागों ने सख्ती से इन सुरक्षा मापदंडों को लागू किया है। विश्वभर में कोरोना वायरस के बढ़ते मामलों के मद्देनजर झारखंड सरकार भी आम जनता को कोरोना वायरस के प्रभाव से सुरक्षित रखने के लिए पूर्ण रूप से सक्रिय है। मैं राज्य की जनता से अपील करता हूं कि वे सावधानियां अपना कर खुद सुरक्षित रहें और दूसरों को भी सुरक्षित रखें। आवश्यकता होने पर ही अपने घरों से बाहर निकलें।

वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में मंत्री स्वास्थ्य, चिकित्सा, शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग श्री बन्ना गुप्ता, मुख्य सचिव डॉ डीके तिवारी, स्वास्थ्य चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग के प्रधान सचिव डॉ नितिन मदन कुलकर्णी सहित अन्य आला अधिकारी उपस्थित थे।
###
======================
#Team PRD(CMO)